इन ब्रेक का मकसद पूरी तरह से खेल से जुड़ा है और इससे फीफा को कोई अतिरिक्त कमाई नहीं होती, क्योंकि सभी कमर्शियल एग्रीमेंट पहले ही साइन किए जा चुके थे। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही दर्शक और खिलाड़ी एक नई स्थिति का अनुभव कर रहे हैं। - **जियानी इन्फेंटिनो**

फीफा प्रेसिडेंट, हाइड्रेशन ब्रेक का बचाव करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

बॉब ब्लेयर

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बॉब ब्लेयर का बुधवार को उनके 94वें जन्मदिन पर इंग्लैंड में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उनके निधन की पुष्टि की है। बॉब ब्लेयर ने 1953 से 1964 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 19 टेस्ट मैच खेले और 35.23 की औसत से 43 विकेट हासिल किए। हालांकि क्रिकेट इतिहास में उन्हें उनके आंकड़ों से ज्यादा उनकी अद्भुत साहसिक कहानी के लिए याद किया जाता है। साल 1953 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग स्थित एलिस पार्क मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच के दौरान ब्लेयर को अपने जीवन का सबसे बड़ा दुख झेलना पड़ा।

क्या आप जानते हैं ?... गोल्डन बॉल : लियोनेल मेसी फुटबॉल इतिहास के इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दो बार (2014 और 2022) वर्ल्ड कप में गोल्डन बॉल का खिताब जीता है।

FIFA WORLD CUP 2026

आज के मैच

बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर
सुबह 12.30 बजे

मोरक्को बनाम हैती
सुबह 3.30 बजे

स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील
सुबह 3.30 बजे

द. अफ्रीका बनाम द. कोरिया
सुबह 6.30 बजे

चेकिया बनाम मैक्सिको
सुबह 6.30 बजे

पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से रौंदा, रोनाल्डो ने दागे दो गोल

ह्यूस्टन, 24 जून। पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को दो गोल दागकर अपनी टीम को फीफा विश्व कप 2026 में उज्बेकिस्तान पर 5-0 की एकतरफा जीत दिलाई। इस शानदार जीत के साथ पुर्तगाल नॉकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गया है।

41 वर्षीय रोनाल्डो ने मुकाबले के छठे मिनट में गोल कर इतिहास रच दिया। वह विश्व फुटबॉल के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह अलग-अलग विश्व कप अभियानों में गोल करने का कारनामा किया है। उनका यह सफर 2006 विश्व कप से शुरू हुआ था। रोनाल्डो ने गोल करने के बाद अपना प्रसिद्ध "सियू" उत्सव मनाया और स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों का अभिवादन किया।

इसके बाद नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर पुर्तगाल की बढ़त 2-0 कर दी। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर टीम को 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ उनके विश्व कप में कुल 10 गोल हो गए, जो किसी भी पुर्तगाली खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक गोल हैं। उज्बेकिस्तान की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती नजर आई। इटली के पूर्व विश्व कप विजेता फाबियो कानावारो के मार्गदर्शन में खेल रही टीम पुर्तगाल के आक्रामक खेल का मुकाबला नहीं कर सकी। पहले हाफ में ही पुर्तगाल को चौथा गोल मिला, जब एक कॉर्नर के दौरान गेंद उज़्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोखिद नेमातोव से टकराकर गोल में चली गई और आत्मघाती गोल दर्ज हुआ। दूसरे हाफ में पुर्तगाल ने दबाव बनाए रखा और 87वें मिनट में राफाएल लेआओ ने शानदार गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया।

मुकाबले के बाद रोनाल्डो ने कहा,"मैं बहुत खुश हूं। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण टीम का प्रदर्शन और हमारा आत्मविश्वास है। टीम ने शानदार खेल दिखाया और पिछले मैच की तुलना में काफी सुधार किया। व्यक्तिगत रिकॉर्ड अच्छे लगते हैं, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा राष्ट्रीय टीम को उसके उद्देश्यों तक पहुंचाने में मदद करना है।" पुर्तगाल ने अपने पहले मैच में लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के खिलाफ 1-1 की निराशाजनक बराबरी खेली थी, लेकिन इस जीत के साथ उसने दमदार वापसी की है। अब पुर्तगाल का अंतिम ग्रुप मुकाबला शनिवार को कोलंबिया के खिलाफ होगा। वहीं कोलंबिया ने अपने पहले मैच में उज़्बेकिस्तान को 3-1 से हराया था।

सुरक्षा नियमों की वजह से सूर्यवंशी को पूरे दौरे के दौरान एक अलग चेंजिंग रूम का इस्तेमाल करना होगा

नई दिल्ली, 24 जून। वैभव सूर्यवंशी इस शुक्रवार इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। उम्मीद है कि यह युवा खिलाड़ी बेलफ़ास्ट में

आयरलैंड के ख़िलाफ़ पहले टी-20 मैच में भारत के लिए अपना डेब्यू करेगा। हालांकि, टीम का हिस्सा होने के बावजूद, आईसीसी और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के नियमों की वजह से, इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टी-20 सीरीज़ के दौरान इस 15 साल के खिलाड़ी को हर समय भारतीय ड्रेसिंग रूम में जाने की इजाज़त नहीं होगी। सुरक्षा नियमों की वजह से सूर्यवंशी को पूरे दौरे के दौरान एक अलग चेंजिंग रूम का इस्तेमाल करना होगा। आईसीसी के नियमों और ईसीबी की पॉलिसी के तहत, 16 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों को वयस्क खिलाड़ियों के साथ चेंजिंग-रूम की सुविधाएँ शेयर करने की इजाज़त नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार उन्हें सिर्फ़ मैचों और टीम मीटिंग के दौरान ही टीम ड्रेसिंग रूम में जाने की इजाज़त होगी। बाकी समय में, वह ईसीबी की ओर से उन्हें दिए गए पर्सनल चेंजिंग रूम का इस्तेमाल करेंगे। सूर्यवंशी अपने माता-पिता के साथ यूनाइटेड किंगडम गए हैं, जो उन्हें नए माहौल में ढलने में मदद करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूर्यवंशी को मैच के दौरान भारत के ड्रेसिंग रूम में जाने और टीम की बातचीत में शामिल होने की इजाज़त होगी, लेकिन उन पर यह पाबंदी तब लागू होगी जब वह हर मैच से पहले और बाद में कपड़े बदल रहे होंगे।

मुन्योज के गोल से कोलंबिया नॉकआउट चरण में, डीआर कांगो को 1-0 से हराया

न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी, 24 जून। डेनियल मुन्योज़ के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत कोलंबिया ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-के मुकाबले में बुधवार को डीआर कांगो को 1-0 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। लगातार दूसरी जीत के साथ कोलंबिया ने छह अंक जुटा लिए और एक मैच शेष रहते नॉकआउट चरण का टिकट हासिल कर लिया।

मुकाबले में कोलंबिया ने शुरुआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके भी बनाए, लेकिन डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेम्स रोड्रिगेज, लुइस डियाज और जॉन एरियास के प्रयासों को विफल कर दिया। पहले हाफ में कोलंबिया को बढ़त नहीं मिल सकी और डीआर कांगो की रक्षापंक्ति लगातार दबाव झेलते हुए भी गोल बचाने में सफल रही।

आखिरकार 76वें मिनट में कोलंबिया को सफलता मिली। हुआन क्विंटेरो के सटीक पास पर डेनियल मुन्योज़ दाएं छोर से तेजी से पेनाल्टी क्षेत्र में पहुंचे और उनका निचला शॉट एक रक्षक से हल्का सा टकराकर गोल में चला गया। यही गोल मुकाबले का फैसला साबित हुआ। डीआर कांगो ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन कोलंबियाई रक्षा पंक्ति ने उन्हें कोई बड़ा मौका नहीं दिया।

इस जीत के साथ कोलंबिया छह अंकों के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गया है। अब उसका अंतिम ग्रुप मुकाबला पुर्तगाल से होगा। दूसरी ओर डीआर कांगो के खाते में दो मैचों के बाद केवल एक अंक है और उसे अपनी उम्मीदें जीवित रखने के लिए अंतिम मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। कोलंबिया ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया, जबकि डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी की शानदार बचावों के कारण मुकाबला लंबे समय तक गोलरहित बना रहा। हालांकि अंत में मुन्योज़ के गोल ने दक्षिण अमेरिकी टीम को बहुमूल्य जीत दिला दी।

वंशिका व शिवा ने जीता रजत, भारत शीर्ष पर बरकरार

नई दिल्ली, 24 जून। जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। भारत की वंशिका चौधरी और शिवा नरवाल की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश की झोली में एक और पदक डाल दिया।

भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले के दौरान संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अंततः रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ भारत ने प्रतियोगिता में एक और महत्वपूर्ण पदक जोड़ लिया। इस पदक के बाद आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारत की कुल पदक संख्या 16 हो गई है। भारतीय दल के खाते में अब 5 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक हैं।

व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय दल पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय निशानेबाजों की निरंतर सफलता ने एक बार फिर विश्व मंच पर देश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

घाना की मजबूत रक्षा के आगे बेबस हुआ इंग्लैंड, खेला गोलरहित ड्रॉ

मैसाचुसेट्स, 24 जून। फीफा विश्व कप 2026 के ठुप एल मुकाबले में घाना ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। बोस्टन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ियों के कई प्रयास घाना की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति के सामने नाकाम रहे। हैरी केन और जूड बेलिंगहम की अगुवाई में इंग्लैंड ने पूरे मैच में आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन घाना के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल दिखाते हुए कोई मौका नहीं दिया। इस ड्रॉ के साथ घाना के दो मैचों में चार अंक हो गए हैं और वह केवल बेहतर गोल अंतर के आधार पर इंग्लैंड से पीछे है।

इंग्लैंड को मैच जीतने का सबसे बड़ा अवसर निर्धारित समय के अंतिम क्षणों में मिला। स्थानापन्न खिलाड़ी निको ओ'राइली ने दाएं छोर से आए क्रॉस पर शानदार हेडर लगाया, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकराकर वापस आ गई। इसके बाद मिले मौके पर हैरी केन भी गेंद को गोल में नहीं पहुंचा सके और उनका शॉट बार के ऊपर चला गया।

दूसरे हाफ में इंग्लैंड के मुख्य प्रशिक्षक थॉमस टुखेल ने आक्रामकता बढ़ाने के लिए मॉर्गन रोजर्स और एबेरेची एज़े को मैदान पर उतारा, लेकिन इससे भी टीम के खेल में कोई खास बदलाव नहीं आया। घाना की टीम ने पूरे मुकाबले में संयमित खेल दिखाया और इंग्लैंड के लगातार हमलों को विफल करते हुए महत्वपूर्ण एक अंक हासिल किया। अब इंग्लैंड अपने अगले मुकाबले में न्यू जर्सी में पनामा से भिड़ेगा, जबकि घाना की टीम फिलाडेल्फिया में क्रोएशिया का सामना करेगी।

आईसीसी वनडे रैंकिंग में गिल दूसरे स्थान पर, टेस्ट में हेनरी ने बुमराह की बराबरी की

नई दिल्ली, 24 जून। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आईसीसी की ताज़ा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली है। दोनों के 870-870 रेटिंग अंक हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन का गिल को बड़ा फायदा मिला। उन्होंने पहले दो मुकाबलों में 84 और 154 रन की शानदार पारियां खेलीं, जबकि तीसरे मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। ताज़ा रैंकिंग में गिल अब शीर्ष पर मौजूद न्यूज़ीलैंड के डैरिल मिचेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अफगानिस्तान श्रृंखला नहीं खेल सके, जिसके चलते वह एक स्थान नीचे खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बरकरार हैं। इसके अलावा श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि केएल राहुल दो स्थान फिसलकर 11वें स्थान पर आ गए हैं। ईशान किशन ने 21 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए 43वां स्थान हासिल किया है। गेंदबाजों की रैंकिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 स्थान की छलांग लगाकर 58वें और वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर पहुंचकर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उधर, न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 11 विकेट लेकर इतिहास रच दिया। हेनरी ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली। आईसीसी के अनुसार, हेनरी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले केवल तीसरे न्यूज़ीलैंड खिलाड़ी बने हैं।

सुपर लीग में उदयपुर, सीकर ने जीत दर्ज की, चूरू-नागौर मैच ड्रा, हिमांशु नेहरा 79/7 विकेट

जयपुर, 24 जून। उदयपुर और सीकर के मध्य आगामी दिनांक 26 -28 जून को सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेला जायेगा प्रतियोगिता का फाइनल मैच: सीकर - करौली मैच (सीकर पारी व 442 रनो से जीती), सीकर पहली पारी 747 /7 घोषित। करौली पहली पारी 192 आल आउट। टीम के लिए भूपेंद्र कुमार शर्मा 72 रन। सीकर के गेंदबाज हिमांशु नेहरा 79 /7 विकेट। करौली दूसरी पारी (फॉलोऑन) 113 आल आउट। टीम के लिए अमित कुमार भारद्वाज 48, शुभम कुमार वैष्णव 22, सचिन 19 व आशु शर्मा 11 रन। सीकर के गेंदबाज हिमांशु नेहरा 30 /7 व्, अंकित पचार 28 /3 विकेट। नागौर - चूरू मैच, नागौर पहली पारी 233 आल आउट। चूरू पहली पारी 250 आल आउट। नागौर दूसरी पारी 366 आल आउट। टीम के लिए गौरव चन्दर 101, दिव्य प्रताप राजपुरोहित 49 व अरुण कुमार शर्मा 28 रन। चूरू दूसरी पारी 240 /5, टीम के लिए शुभम सिंह पटवाल नाबाद 112, राजवीर सिंह 79 रन। नागौर के गेंदबाज महेंद्र महला व मोहित छांगरा 2 - 2 विकेट। बीकानेर -उदयपुर मैच (उदयपुर 10 विकेट से जीती) बीकानेर पहली पारी 220 आल आउट। उदयपुर पहली पारी 313 आल आउट। बीकानेर दूसरी पारी 113 आल आउट। टीम के लिए शरद जोशी 31, विशाल गोदारा 26 व सचिन लखेसर 18 रन। उदयपुर के गेंदबाज पुष्पेंद्र सिंह 44/4, हर्षित दक 6 /3, निखिल शुक्ला 41 /3 विकेट। उदयपुर दूसरी पारी 23 /0।

विम्बलडन 2026 के ऐतिहासिक आगाज के लिए तैयार सिनर और स्वियातेक

जिनेवा, 24 जून। विश्व के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन 2026 का आगाज़ इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनेगा। गत पुरुष एकल चैंपियन यानिक सिनर 29 जून को सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलेंगे और ऐसा करने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन जाएंगे। पिछले वर्ष पुरुष एकल खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सिनर के लिए यह उपलब्धि बेहद खास है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलना उनके लिए रोमांचकारी क्षण होगा। उनके अनुसार विंबलडन का वातावरण दुनिया के किसी भी अन्य टेनिस कोर्ट से अलग है और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में वही सेंटर कोर्ट पर उतरेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्वियातेक दूसरे दिन सेंटर कोर्ट पर अभियान की शुरुआत करेंगी।

महिला टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत, पाक को 113 रन से रौंदा

लीड्स, 24 जून। एलिस पेरी की शानदार अर्धशतकीय पारी और घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार देर रात महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है, जबकि पाकिस्तान को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 13.4 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गई।

एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने पर मनिका बत्रा ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, 24 जून। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने एशियाई खेलों की भारतीय टीम में चयन नहीं होने के मामले पर भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) से जवाब मांगा है। मनिका ने कहा है कि यदि उन्हें चयन प्रक्रिया और अपने बाहर किए जाने के कारणों का स्पष्ट तथा तथ्यात्मक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, तो वह कानूनी कार्रवाई का सहारा लेने के लिए मजबूर होंगी।

मनिका ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उनका उद्देश्य टीम में जगह हासिल करना नहीं, बल्कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों से देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद वह केवल निष्पक्ष और ईमानदार जवाब चाहती हैं। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज मनिका एशियाई खेलों की पांच सदस्यीय भारतीय महिला टीम में जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने कहा कि यदि चयन समिति के निर्णय के पीछे कोई ठोस कारण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए। मनिका ने चयन समिति की मतदान प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। जानकारी के अनुसार अंतिम स्थान के लिए सुतिर्था मुखर्जी, स्वास्तिका घोष और मनिका बत्रा के बीच मुकाबला था। चयनकर्ताओं के बीच सहमति नहीं बनने पर मतदान कराया गया, जिसमें पांच मत मनिका के खिलाफ पड़े, तीन उनके पक्ष में रहे और एक सदस्य ने मतदान नहीं किया।

स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए उपलब्ध हैं नेमार, लेकिन खेलना तय नहीं : अंचेलोटी

मियामी, 24 जून। ब्राज़ील के मुख्य कोच कार्लो अंचेलोटी ने मंगलवार को पुष्टि की है कि स्टार फुटबॉलर नेमार स्कॉटलैंड के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-सी मुकाबले के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा या नहीं, इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है।

34 वर्षीय नेमार को लगभग तीन वर्ष बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का मौका मिला है। हालांकि पिंडली की चोट के कारण वह अभी तक इस विश्व कप में मैदान पर नहीं उतर सके हैं।

मुकाबले से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अंचेलोटी ने कहा, नेमार उपलब्ध हैं। उन्होंने इस सप्ताह अच्छी तरह अभ्यास किया है और मैच के लिए तैयार हैं। उनकी वापसी से हम बेहद खुश हैं, क्योंकि उनकी गुणवत्ता टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने उन्हें करीब से जाना है। उन्होंने चोट से जल्द उबरने के लिए बेहद गंभीरता से मेहनत की है। यदि वह मैदान पर नहीं भी उतरते हैं, तब भी उनका अनुभव और खेल की समझ युवा खिलाड़ियों की मदद करती है।

नेमार के खेलने की संभावित अवधि के बारे में पूछे जाने पर अंचेलोटी ने मजाकिया अंदाज में कहा, वह 90 मिनट खेल सकते हैं, लेकिन चलते हुए। वह पूरी तरह फिट हैं और उन्होंने शानदार अभ्यास किया है।

ब्राज़ील ने अपने पहले दो मुकाबलों में मोरक्को से 1-1 की बराबरी की थी और हैती को 3-0 से हराया था। स्कॉटलैंड के खिलाफ जीत मिलने पर टीम अंतिम 32 में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगी।

आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता

राशि, जियाना, गीतांशी और काव्या ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

जयपुर, 24 जून। आर. डी. बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में बुधवार को अंडर-11 बालिका एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें राशि सिंघल, जियाना, गीतांशी टाँक और काव्या सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में राशि सिंघल ने मालविका को 15-6, 15-9 से, जियाना ने आरना जोशी को 15-5, 15-10 से, गीतांशी टाँक ने जीतीथा शर्मा को 15-8, 15-7 से तथा काव्या सैनी ने भाविका को 15-12, 15-7 से पराजित कर अंतिम चार में स्थान बनाया।

अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में पद्मजा सिंह, ओजस्विता दुबे, रिद्धि सेठिया, तनिष्का शर्मा, मिराया फागेरिया, खुशी शर्मा, पर्ल पारिख एवं रिद्धि बत्रा ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं अंडर-17 बालिका एकल वर्ग में पद्मजा सिंह, रिद्धि सेठिया और अद्विता शर्मा ने अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

इसके अलावा अंडर-11 बालक एकल वर्ग के दो राउंड, अंडर-15 बालक एकल वर्ग के चार राउंड तथा अंडर-17 बालक एकल वर्ग के चार राउंड के मुकाबले भी खेले गए। अंडर-11 बालिका एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंची खिलाड़ियों को जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दसोत ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन सचिव अतुल गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के एकल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके साथ ही अंडर-17 मिश्रित युगल (मिक्स्ड डबल्स) स्पर्धा के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन सचिव अतुल गुप्ता के अनुसार कल अंदर 15 अंदर 17 बालक बालिका वर्ग सिंगल्स के फाइनल तथा अंदर 17 मिक्स्ड डबल्स के फाइनल कल शाम 5:00 बजे खेले जाएंगे।

जनसुनवाई में आउट ऑफ टर्न नौकरी व अनुदान संबंधी मांगें रखी खिलाड़ियों ने : राजकेश मीणा

जयपुर, 24 जून। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद कार्यालय में बुधवार को परिषद के सचिव राजकेश मीणा की अध्यक्षता में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ियों और खेल संघ के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं, लंबित खेल अनुदान और सरकारी नौकरियों से जुड़ी मांगों को लेकर सचिव को ज्ञापन सौंपे।

जनसुनवाई में राज्य सरकार की आउट ऑफ टर्न खेल नीति के तहत सरकारी नौकरी पाने का मुद्दा प्रमुख रहा। घुड़सवारी खेल से जुड़े खिलाड़ी युवराज सिंह, धुरवराज सिंह राजावत और मेघना शेखावत ने आउट ऑफ टर्न पॉलिसी के तहत त्वरित कार्रवाई करने और खेल कोटे का लाभ दिए जाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मेघना शेखावत ने अपनी खेल तैयारियों को बेहतर करने के लिए आवश्यक खेल उपकरणों हेतु भी अनुदान की मांग रखी। वहीं दूसरी ओर, नेटबॉल खेल से ताल्लुक रखने वाले खिलाड़ी देवेंद्र कुमार और अखिल यादव ने भी इसी नीति के अंतर्गत अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार देने की गुहार लगाई। इसी दौरान खेल क्षेत्र में हो रहे कथित फर्जीवाड़े के खिलाफ राजस्थान नेटबॉल संघ के सचिव बी.एल. शर्मा ने जनसुनवाई में लिखित शिकायत दी। नौकरियों के अलावा कई सीनियर और अंतरराष्ट्रीय

खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बावजूद लंबे समय से प्रोत्साहन राशि और खेल अनुदान न मिलने का मुद्दा भी सचिव के सामने उठाया।

जयपुर में 29 जून को नाडा आयोजित करेगा एंटी-डोपिंग सेमिनार

राजस्थान के खेल जगत को डोपिंग के दुष्प्रभावों से बचाने और खिलाड़ियों व खेल प्रशिक्षकों को जागरूक करने के लिए राजधानी में एक बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। आगामी 29 जून को सुबह 11:00 बजे से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संस्था के अधिकारियों द्वारा एक विशेष एंटी-डोपिंग शिक्षा एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के खेल ढांचे में शुद्धता बनाए रखना और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को जागरूक करना है। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान नाडा के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा उपस्थित खेल प्रशिक्षकों को एंटी-डोपिंग शिक्षा और इसके कड़े नियमों के बारे में विस्तृत ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही, सेमिनार में खिलाड़ियों को खेल के दौरान प्रतिबंधित दवाओं के सेवन, उनके अनजाने में होने वाले इस्तेमाल और उनके कारण करियर व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, सेमिनार में खिलाड़ियों को खेल के दौरान प्रतिबंधित दवाओं के सेवन, उनके अनजाने में होने वाले इस्तेमाल और उनके कारण करियर व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सेमीनार की महत्ता को देखते हुए खेल विभाग ने सभी खेल केंद्रों पर कार्यरत समस्त नियमित प्रशिक्षकों को इसमें शामिल होने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एन.आई.एस. डिप्लोमा प्राप्त और अन्य इच्छुक खिलाड़ियों को भी इस सेमिनार में अनिवार्य रूप से भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि राजस्थान के खेल तंत्र को डोपिंग मुक्त बनाया जा सके।

दिशा क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 24 जून। अंडर-12 चैंपियंस कप में दिशा क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 266 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाए। यशवर्धन ने 51, श्रेयांश सिंह ने 43 और समर ने 33 रनों का योगदान दिया। आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से तनिष्क और देयान ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब 20.3 ओवर में 76 रन पर ऑल आउट हो गई। दिशा क्रिकेट अकादमी की ओर से ध्रुव ने 6 और नंदीश ने 3 विकेट लिए। ध्रुव को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।